**7 मई, 2025 से, आपको यू.एस. के भीतर उड़ान भरने, कुछ संघीय सुविधाओं तक पहुंचने या सैन्य अड्डों में प्रवेश करने के लिए एक वास्तविक आईडी या अन्य स्वीकार्य आईडी जैसे वैध पासपोर्ट की आवश्यकता होगी।**

REGISTRY OF MOTOR VEHICLES

# वास्तविक आईडी, मानक CDL, और मानक आईडी कार्ड दस्तावेज़ चेकलिस्ट

***तेज़ सेवा के लिए ऑनलाइन "तैयार हो जाइए" – Mass.Gov/ID***

वास्तविक आईडी ड्राइवर लाइसेंस/आईडी कार्ड, मानक कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस, या मानक आईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए आवश्यक दस्तावेज़ देखें। नीचे दी गई सूची में मानक क्लास D या M ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवश्यकता शामिल नहीं है। उन्हें मानक क्लास D या M दस्तावेज़ चेकलिस्ट में कवर किया गया है।

- दस्तावेज़ों को निम्नलिखित मानदंडों का पालन करना चाहिए:
  - ✓ असली होने चाहिए। फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।
  - ✓ लेमिनेट किए गए दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
  - ✓ वास्तविक आईडी के लिए आवेदन करते समय एक ही दस्तावेज़ का उपयोग एकाधिक प्रमाण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं किया जा सकता है।
- यदि आपके पास कोई आवश्यक दस्तावेज़ नहीं है, तो आपके क्रेडेंशियल पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

***वैध उपस्थिति का प्रमाण/जन्मतिथि का प्रमाण***

सभी दस्तावेज़ वैध और असमाप्त होने चाहिए - एक दस्तावेज़ आवश्यक है।

मानक आईडी के लिए ☑ एक चुनें

वास्तविक आईडी के लिए ☑ एक चुनें

- ☐ यू.एस. का पासपोर्ट या पासपोर्ट कार्ड
- ☐ अमेरिकी जन्म प्रमाण पत्र का मूल या प्रमाणित संस्करण जो निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करता है:
  - जन्म के शहर, काउंटी, या राज्य द्वारा जारी किया गया है
  - इसमें आवेदक का पूरा नाम, जन्म तिथि और जन्म स्थान दिया गया है
  - माता-पिता का पूरा नाम दिया गया है
  - इसमें शहर, काउंटी या राज्य रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर हैं
  - रजिस्ट्रार के ऑफिस में तारीख दाखिल की गई है (जन्म के एक वर्ष के भीतर की होनी चाहिए)
  - जारी करने वाले प्राधिकारी की मुहर है

  प्यूर्टो रिकान जन्म प्रमाण पत्र 1 जुलाई 2010 के बाद जारी किया जाना चाहिए।

  *ध्यान दें: यदि आप जन्म ऐब्स्ट्रैक्ट प्रस्तुत करते हैं, तो इसे उपरोक्त सभी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।*
- ☐ डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट द्वारा जारी किया गया विदेश में जन्म की कांसुलर रिपोर्ट (Consular Report of Birth Abroad, CRBA) फार्म FS-240, DS-1350, FS-545
- ☐ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (Department of Homeland Security, DHS) या अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन (U.S. Citizenship and Immigration Services, USCIS) Form I-551
- ☐ वि‍देशी पासपोर्ट में अस्थायी I-551 स्टाम्प
- ☐ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (Department of Homeland Security, DHS) द्वारा जारी रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज़ (Employment Authorization Document, EAD) Form I-766

  *ध्यान दें: सभी इमिग्रेशन दस्तावेजों में यू.एस. में लगातार 12 महीने तक वैध तरीके से रहना दर्शाया जाना चाहिए।*
- ☐ वैध अमेरिकी वीज़ा के साथ विदेशी पासपोर्ट
  - एक गैर-अमेरिकी पासपोर्ट में वर्तमान वीज़ा होना चाहिए, और आगमन और प्रस्थान के I-94 रिकॉर्ड के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जब तक कि आपके पास परमानेंट रेजिडेंसी कार्ड या स्टेटस में कोई अन्य परिवर्तन न हो
  - I-94 या तो यू.एस. कस्टमस एण्ड बॉर्डर प्रोटेक्शन से एक कागजी संस्करण हो सकता है या cbp.gov/i94 पर उनकी वेबसाइट से डाउनलोड किए गए इलेक्ट्रॉनिक संस्करण का प्रिंटआउट हो सकता है।
  - जिन ग्राहकों के पास Certificate of Eligibility (I-20) या ऐक्सचेंज विजिटर स्टेटस के लिए Certificate of Eligibility (DS- 2019) के दस्तावेज है, उन्हें आवेदक के यू.एस. में नवीनतम प्रवेश का सत्यापन करने के लिए दस्तावेज़ दिखाने चाहिए।
- ☐ होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (Department of Homeland Security, DHS) द्वारा जारी नागरिकता का प्रमाण पत्र फॉर्म N-560 या फॉर्म N-561
- ☐ नागरिक बनने की प्रमाण पत्र फॉर्म N-550 या N-570
- ☐ पुनः प्रवेश परमिट फॉर्म I-327 (केवल मानक CDL/ID के लिए)
- ☐ रिफ्यूजी ट्रेवल डाकूमेंट फॉर्म I-571 (केवल मानक CDL/ID के लिए)

***वास्तविक आईडी ड्राइवर लाइसेंस/आईडी कार्ड के लिए आवेदन करते समय आपका वर्तमान नाम आपके वैध उपस्थिति दस्तावेज़ पर नाम से मेल खाना चाहिए।***

- यदि आपका वर्तमान नाम आपके वैध उपस्थिति दस्तावेज़ों पर दिखाई देने वाले नाम से मेल नहीं खाता है, तो आपको वास्तविक आईडी ड्राइवर लाइसेंस/आईडी कार्ड के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अपने कानूनी नाम परिवर्तन साबित करना होगा।
- यदि आपने एक से अधिक बार नाम बदला है, तो आपको प्रत्येक नाम परिवर्तन के लिए नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित दस्तावेजों में से एक प्रदान करना होगा:
  - ☐ शादी का प्रमाणपत्र (म्यूनिसपैलिटी द्वारा जारी किया जाना चाहिए)
  - ☐ तलाक का आदेश (आपका पिछला नाम तलाक की डिक्री में शामिल होना चाहिए)
  - ☐ कोर्ट का दस्तावेज़
- स्टैन्डर्ड कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस/आईडी कार्ड के लिए, नाम परिवर्तन दस्तावेज़ के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।
- अधिक जानकारी के लिए Mass.Gov/ID पर जाएं।

**7 मई, 2025 से, आपको यू.एस. के भीतर उड़ान भरने, कुछ संघीय सुविधाओं तक पहुंचने या सैन्य अड्डों में प्रवेश करने के लिए एक वास्तविक आईडी या अन्य स्वीकार्य आईडी जैसे वैध पासपोर्ट की आवश्यकता होगी।**

**सोशल सिक्युरिटी नंबर का प्रमाण**

वास्तविक आईडी के ☑ लिए एक चुनें

- वास्तविक आईडी लाइसेंस/आईडी के लिए, नीचे दिया गया एक दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- दस्तावेज़ में आपका वर्तमान नाम प्रदर्शित होना चाहिए।
- एक मानक आईडी कार्ड के लिए, आपके SSN को SSA के साथ मान्य होना चाहिए या आपको पासपोर्ट के साथ SSN डिनाइल (इनकार) नोटिस, वीज़ा, और I-94 प्रदान करना चाहिए।
- स्टैन्डर्ड कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस के लिए, आपको SSN प्रदान करना होगा जो SSA के साथ मान्य हो।

- ☐ SSN कार्ड (लेमिनेटिड नहीं हो सकता)
- ☐ W-2 फॉर्म जो 9-अंक का SSN दिखाता है
- ☐ SSA-1099 फॉर्म जो 9-अंक का SSN दिखाता है
- ☐ Non-SSA-1099 फॉर्म जो 9-अंक का SSN दिखाता है
- ☐ वेतन की रसीद जो 9-अंक का SSN दिखाती है
- ☐ पासपोर्ट, वीज़ा और I-94 के साथ SSA द्वारा जारी SSN इनकार नोटिस (60 दिनों के भीतर दिनांकित)

*मैसाचुसेट्स निवास का प्रमाण*

मानक आईडी के लिए एक चुनें ☑

वास्तविक आईडी के लिए दो चुनें ☑ ☑

दस्तावेज़ में आवेदक के नाम के साथ वर्तमान आवासीय पता प्रदर्शित होना चाहिए - कोई पी.ओ. बाक्स या 'देखभाल में' स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं। '60 दिनों के भीतर की तारीख' दर्शाने वाला कोई भी दस्तावेज़ आपकी मुलाकात के 60 दिनों के भीतर का होना चाहिए।

- वास्तविक आईडी ड्राइवर लाइसेंस या आईडी के लिए - आपको चेकलिस्ट से दो दस्तावेज़ प्रदान करने होंगे।
- मानक ड्राइवर लाइसेंस या आईडी के लिए - आपको चेकलिस्ट से एक दस्तावेज़ प्रदान करना होगा।.

मैसाचुसेट्स RMV द्वारा जारी दस्तावेज़:
(केवल एक आइटम स्वीकार किया जा सकता है)

- ☐ मौजूदा ड्राइवर लाइसेंस
- ☐ वर्तमान मैसाचुसेट्स आईडी कार्ड (शराब आईडी स्वीकार नहीं)
- ☐ मौजूदा लरनर परमिट
- ☐ 60 दिनों के भीतर RMV द्वारा जारी मेल (ड्राइवर का लाइसेंस/पंजीकरण रिमाइन्डर, वाहन पंजीकरण सहित)

राज्य/फेडरल/शहर/काउंटी एजेंसी द्वारा जारी दस्तावेज़:

- ☐ प्रथम क्लास, सरकार द्वारा 60 दिनों के भीतर जारी किया गया मेल
- ☐ मौजूदा MA द्वारा जारी पेशेवर लाइसेंस
- ☐ 60 दिनों के भीतर दिनांकित Medicaid स्टेटमेंट
- ☐ मौजूदा फायरआर्म्स कार्ड
- ☐ 60 दिनों के भीतर दिनांकित जूरी ड्यूटी समन
- ☐ 60 दिनों के भीतर दिनांकित अदालत का पत्राचार
- ☐ चालू वर्ष के लिए संपत्ति या अचल संपत्ति टैक्स
- ☐ चालू वर्ष के लिए एक्साइज़ टैक्स

बिल: 60 दिनों के भीतर दिनांकित होना चाहिए:

- ☐ उपयोगिता बिल (बिजली, टेलीफोन, पानी, सीवर, केबल, सैटेलाइट, हीटिंग)
- ☐ क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट
- ☐ चिकित्सा/अस्पताल या स्वास्थ्य बीमा विवरण
- ☐ बीमा बिल (ऑटो, मेडिकल, घर, किराया)
- ☐ सेल फ़ोन का बिल

लीज़/मॉर्गिज:

- ☐ मौजूदा लीज़/मॉर्गिज या इसके समान किराये का अनुबंध
- ☐ 60 दिनों के भीतर की मॉर्गिज स्टेटमेंट

वित्तीय संबंधित दस्तावेज:

- ☐ पिछले वर्ष का फेडरल टैक्स डाकूमेंट/स्टेटमेंट
- ☐ मौजूदा पेंशन स्टेटमेंट (401k, 457, SEP, आदि)
- ☐ मौजूदा रिटायरमेंट स्टेटमेंट
- ☐ 60 दिनों के भीतर की वेतन की रसीदें
- ☐ मौजूदा SSA स्टेटमेंट
- ☐ मौजूदा किश्त लोन कान्ट्रैक्ट (कार लोन)
- ☐ 60 दिनों के भीतर की बैंक स्टेटमेंट (सेविंग या चेकिंग अकाउंट)

स्कूल द्वारा जारी दस्तावेज़ (किसी भी कॉलेज, विश्वविद्यालय या ट्रेड स्कूल सहित):

- ☐ चालू वर्ष के लिए स्कूल की आधिकारिक ट्रांस्क्रिप्ट
- ☐ स्कूल से आधिकारिक पत्र (नामांकन का प्रमाण) 60 दिनों के भीतर दिनांकित
- ☐ मौजूदा वर्ष के लिए ट्यूशन
- ☐ चालू वर्ष के लिए प्रमाणित स्कूल रिकॉर्ड

बीमा-संबंधित दस्तावेज़: केवल चालू वर्ष

- ☐ ऑटो बीमा पॉलिसी
- ☐ किरायेदार की बीमा पॉलिसी
- ☐ घर के मालिक की बीमा पॉलिसी

वैकल्पिक रेजिडेंसी के ऐफिडेविट

- ☐ 18 वर्ष से कम आयु के आवेदकों के लिए वैकल्पिक रेजिडेंसी के ऐफिडेविट
- ☐ वैकल्पिक रेजिडेंसी के ऐफिडेविट ह्यूमन सर्विसिज/शेल्टर (केवल मानक आईडी आवेदकों के लिए)

कृपया अपने पूर्ण आवेदन के साथ यह चेकलिस्ट और चयनित दस्तावेज़ प्रस्तुत करें।

तेज़ सेवा के लिए ऑनलाइन "तैयार हो जाइए" - अधिक जानकारी के लिए **Mass.Gov/ID** पर जाएँ।